पंजाब/हरियाणा
राजधानी

| तापमान | मौसम | |
|---|---|---|
| अधिकतम- 29.0 | पूर्वानुमान<br>गरज के साथ साथ छींटे पड़ने की संभावना | सूर्योदय- 05:20 |
| न्यूनतम- 21.0 | | सूर्यास्त- 07:21 |

|जनसत्ता| 2 जून, 2023



# पंजाब विवि में हरियाणा को भी मिलेगी हिस्सेदारी

पंचकूला, 1 जून (जनसत्ता)।

चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा को भी अब हिस्सेदारी मिलेगी। करीब तीन दशक बाद इस मुद्दे पर पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्री गुरुवार यहां चंडीगढ़ में एक मंच पर आए। यूटी प्रशासक द्वारा बुलाई बैठक में कई मामलों पर सहमति बन गई है और दूसरे चरण की बैठक पांच जून को होगी।

बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल, पंजाब के मुख्य सचिव विजय कुमार जंजुआ, हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव, सूचना लोक संपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल, पंजाब विवि की कुलपति प्रो. रेनू विग सहित पंजाब और चंडीगढ़ के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए इन विषयों को अंतिम रूप देने के लिए कुछ समय मांगा और 5 जून को दोबारा पक्षकारों की बैठक होगी।

ज्ञातव्य है कि दोनों राज्यों के बीच अन्य मुद्दों के अलावा पंजाब विवि में हिस्सेदारी का भी विवाद चल रहा है। विगत 1 नवंबर, 1966 को हुए समझौते में पंजाब विवि में हरियाणा तथा पंजाब द्वारा वित्तीय सहायता दी जाती थी। हरियाणा विवि के संचालन में 40 फीसद अनुदान देता था। वर्ष 1990 तक तो हरियाणा द्वारा यह सब दिया जाता रहा पर उसके बाद तत्कालीन सरकार ने अनुदान देना बंद कर दिया और इधर, पंजाब विवि ने हरियाणा के कालेजों को मान्यता बंद कर दी।

बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के तहत पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा राज्य का हिस्सा दिया गया था और हरियाणा के कालेज और क्षेत्रीय केंद्र पंजाब विश्वविद्यालय से संबद्ध थे लेकिन 1973 को एक अधिसूचना जारी कर इसे समाप्त कर दिया गया था। आज तो अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से भी कालेजों की संबद्धता हो रही है। चंडीगढ़ विवि एक केंद्रीय विवि है जिसमें हरियाणा के कालेजों की भी संबद्धता होनी चाहिए। उन्होंने पंजाब सरकार को सुझाव दिया कि युवाओं के भविष्य के लिए पंजाब के कालेज भी यदि हरियाणा के साथ चलना चाहें, तो हम उनका स्वागत करते हैं।



*चंडीगढ़* के प्रशासक की मौजूदगी में मनोहर लाल और भगवंत मान के बीच बैठक। *आगामी* पांच जून को होगी अगली बैठक, निर्णयों पर लगेगी अंतिम मुहर।

## 'सहमति के साथ बढ़ें दोनों'

**चंडीगढ़** : यूटी प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने दोनों प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय संबंधी जो भी विषय विचाराधीन हैं, उन पर सहमति के साथ ही आगे बढ़ना चाहिए। हरियाणा के कालेजों की पंजाब विश्वविद्यालय से संबद्धता इतना बड़ा विषय नहीं, यह संभव है। हरियाणा, पंजाब के इस सहयोग से निश्चित रूप से एक अच्छी शुरूआत होगी।

### पंजाब के राज्यपाल बोले

# कटारुचक्क पर कार्रवाई की जाए

चंडीगढ़, 1 जून (भाषा)।

पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने गुरुवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान से 'यौन कदाचार' के आरोपों का सामना कर रहे प्रदेश की आम आदमी पार्टी (आप)सरकार में मंत्री लाल चंद कटारुचक्क के खिलाफ कार्रवाई करने को कह दिया।

मंत्री पर 'जघन्य अपराध' करने का आरोप लगाते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्हें मंत्रिमंडल में बने रहने का अधिकार नहीं।

इससे पहले, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने गुरदासपुर के एक पीड़ित पुरुष द्वारा मंत्री कटारुचक्क के खिलाफ दर्ज कराई गई यौन कदाचार की शिकायत के बाद पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया था।

इसके बाद पंजाब पुलिस ने मंत्री के खिलाफ यौन कदाचार के आरोप की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया था।

राज्यपाल ने गुरुवार यहां संवाददाताओं से कहा, यह मत भूलिए कि यह एक बेहद जघन्य अपराध है, जो कटारुचक द्वारा की गई। यही वजह है कि अब उन्हें पंजाब सरकार के मंत्रिमंडल में बने रहने का भी कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा, 'मैं मीडिया के माध्यम से एक बार फिर मुख्यमंत्री भगवंत मान के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मंत्री के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए।'

ज्ञातव्य है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान नीत आप सरकार को इस मुद्दे पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है और विपक्षी दल कटारुचक्क के खिलाफ लगातार कार्रवाई की मांग करते आ रहे हैं।

*राष्ट्रीय* अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) की ओर से गुरदासपुर के रहने वाले पीड़ित पुरुष द्वारा पंजाब सरकार में मंत्री लाल चंद कटारुचक्क के खिलाफ दर्ज कराई गई यौन कदाचार की शिकायत को लेकर पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर उससे जवाब तलब किया गया था।

## मुख्यमंत्री मान नहीं लेंगे 'जेड प्लस' सुरक्षा

**चंडीगढ़** : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र सरकार द्वारा दी गई 'जेड प्लस' सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया है। गुरुवार मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर सुरक्षा लौटाने की बात कही है। पंजाब में अमृतपाल सिंह प्रकरण के बाद के हालात की समीक्षा के बाद केंद्र सरकार ने 25 मई को सीएम भगवंत मान को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का फैसला लिया था। मान के सुरक्षा दल ने गुरुवार को केंद्र सरकार को पाती लिखकर अपना पक्ष भेज दिया, कहा कि 'जेड प्लस' सुरक्षा की जरूरत नहीं।

# बिश्नोई और गोल्डी के 10 गुर्गे गिरफ्तार

गुरुग्राम, 1 जून (भाषा)।

हरियाणा के गुरुग्राम से कुख्यात सरगना लारेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ के साथ कथित तौर पर जुड़े 10 शूटरों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी गुरुवार को पुलिस की ओर से दी गई।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चार पिस्तौल, 28 गोलियां, दो वाहन और पुलिस की सात वर्दियां बरामद की गई हैं। जब्त वाहनों में से एक वाहन चोरी का है जिसे दिल्ली से चुराया गया था। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर राकेश कुमार उर्फ अनिल, हरजोत सिंह उर्फ लीला, अजय इशरवालिया उर्फ पंजाबी, प्रिंस उर्फ गोलू, जोगिंदर उर्फ जोगा, संदीप उर्फ दीप और सिंदरपाल उर्फ बिट्टू को बुधवार तब गिरफ्तार किया गया जब यह लोग वारदात की फिराक में थे। पूछताछ में आरोपियों ने अपने तीन और साथियों धर्मेंद्र उर्फ धर्मा, दीपक उर्फ दिलावर और भरत के बारे में जानकारी दी, जिन्हें राजीव चौक देवी लाल स्टेडियम के समीप पकड़ा गया। गौरतलब है कि लारेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ पंजाबी लोकगायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में कथित तौर पर शामिल हैं। मूसेवाला की पिछले साल 29 मई को पंजाब में जिला मनसा में हत्या कर दी गई थी। पुलिस उपायुक्त (अपराध) विजय प्रताप सिंह ने कहा, यह बदमाश गुरुग्राम किसी बड़ी डकैती और अपहरण की वारदात को अंजाम देने आए थे। उनकी योजना पुलिसकर्मी बनकर अपराध करने की थी और जोगिंदर पुलिस निरीक्षक का वेश धारण करने वाला था। उनकी मंशा किसी का अपहरण कर करोड़ों की फिरौती वसूलने की थी। हालांकि, पुलिस ने उनके मंसूबे कामयाब होने से पहले ही उन्हें पकड़ लिया। बताया कि आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा और वीरू (माना जाता है कि यह तीनों विदेश में रह रहे हैं) के इशारे पर ही वारदातों को अंजाम दिया।

## लूट का दूसरा आरोपी दबोचा

**पंचकूला** : भिवानी पुलिस ने एक दुकानदार और उनके बेटे की आंखों में मिर्च डालकर लूटपाट का प्रयास करने के मामले में दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। रवि वासी चांग जिला भिवानी ने थाना सदर पुलिस को दी शिकायत में पुलिस को बताया कि गांव चांग में उनकी दुकान है। वह 14 मई रात दुकान बंद कर बेटे के साथ घर के लिए जा रहे थे कि तीन लड़कों ने उनकी आंखों में मिर्च डालकर रुपए-पैसे लूटने का प्रयास किया। पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था।

## हरियाणा और पंजाब में बारिश का दौर जारी

चंडीगढ़, 1 जून (भाषा)।

हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सों में गुरुवार फिर से झमाझम बरसात हुई, जिससे न्यूनतम तापमान इस मौसम के सामान्य तापमान से नीचे बना रहा। मौसम विभाग ने गुरुवार यह जानकारी दी।

मौसम विभाग की ओर से आगे बताया गया कि गुरुवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक बीते 24 घंटों के दौरान यहां चंडीगढ़ के अलावा समीपवर्ती पंचकूला, अंबाला के साथ साथ जिला हिसार, नारनौल, रोहतक, भिवानी, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, बठिंडा, फरीदकोट, गुरदासपुर, मोहाली और रूपनगर में बारिश हुई है।

ज्ञातव्य है कि पिछले दो हफ्तों से रुक-रुककर दोनों पड़ोसी राज्यों के साथ साथ उनकी संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ के कई इलाकों में भी लगातार बारिश होती आ रही है और यही वजह है कि इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य सीमा के मुकाबले नीचे ही दर्ज किया जाता रहा है।

# सिपाही के लिए दो लाख की घूस लेता दुकानदार रंगे हाथ गिरफ्तार

चंडीगढ़, 1 जून (जसं)।

राज्य में भृष्टाचार के विरुद्ध शुरू की गई मुहिम के दौरान पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने गुरुवार गांधी चौक, बटाला, जिला गुरदासपुर में जिम सप्लीमेंट की दुकान चलाने वाले अमन नाम के व्यक्ति को पुलिस में सिपाही के लिए 2 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू किया है। आरोपी सिपाही की पहचान मोहित बेदी के तौर पर हुई है, जो विशेष कार्य बल (एसटीएफ) बटला की टीम में तैनात है।

इस संबंधी जानकारी देते हुए ब्यूरो प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला ने ब्यूरो से सम्पर्क करके दोष लगाया कि एसटीएफ बटाला की पुलिस टीम ने सोमवार को उक्त जिम में छापा मारा और उसके पति को जिम से गिरफ़्तार कर लिया। f

शकायतकर्ता ने यह भी बताया कि एसटीएफ की टीम ने उनके घर की भी बारीकी से तलाशी ली परंतु कोई भी नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ।

महिला ने दोष लगाया कि उसके पति को गिरफ्तार करने के कारण संबंधी पूछे जाने पर सिपाही मोहित ने उसको उक्त दुकानदार अमन, जो उसके पति का दोस्त भी है, को मिलने के लिए कहा ताकि उसके पति को बिना किसी आपराधिक मुकद्दमा दर्ज किए रिहा कराया जा सके। दुकानदार अमन ने उसको 10 लाख रुपए रिश्वत का प्रबंध करने और रिश्वत की पहली किश्त के तौर पर 2 लाख रुपए पुलिस मुलाजिम मोहित को देने के लिए कहा। प्राथमिक जांच के उपरांत ब्यूरो ने जाल बिछाकर दोषी दुकानदार अमन को रंगे हाथों काबू कर लिया।


HIMACHAL PRADESH P W D

Office of
**EXECUTIVE ENGINEER JAISINGHPUR DIVISION**
**H.P. PUBLIC WORKS DEPARTMENT, JAISINGHPUR 176095**
Fax: 01894-228031, e.mail: ee-jaipwd-hp@gov.in

**TENDER NOTICE**

Sealed item rate tenders on form 6 & 8 are hereby invited by the Executive Engineer, Jaisinghpur Division, H.P. PWD, Jaisinghpur for following works on behalf of the Governor of Himachal Pradesh from the approved and eligible contractors/firms enlisted in HP PWD, (B&R) so as to reach in this office as per time schedule given below:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of receipt of Application for tender forms:- | **08.06.2023 at 4.00PM** |
| 2. | Date of issued /sale of tender form:- | **09.06.2023upto 4.00PM** |
| 3. | Date of receipt of tender | **12.06.2023 at 11.00AM** |
| 4. | Date of opening of tender :- | **12.06.2023 at 11.30AM** |

| S. No | Name of work | Estimated cost | Earnest money | Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Restoration of Rain damages on Jalag to Jhunga Devi road Km 10/865 to 14/250 (SH:- Repair to 6.00 mtr. Slab culvert at RD 13/200) | 499993.00 | 10000.00 | Two month |
| 2 | Restoration of rain damages on Dharamshala Dadh Palampur HoltaChadhiarSandhole road Km 0/00 to 90/00 (SH;- C/O R/wall at RD 49/255 to 49/237) | 359808.00 | 7200.00 | Two month |
| 3 | A/R & M/O various roads under Panchrukhi Sub-Division (SH:- Painting snd writing of village boards, PMGSY boards, Direction and place identification boards, Rain shelters and Km stone) | 311429.00 | 6300.00 | Two month |
| 4 | Restoration of rain damages on Link road from HarotiPul to Jalet Bhatti Via Nallian road Km 0/00 to 2/985 (SH;- C/O Wire Crate R/wall with Pusta in c.c. 1:3:6 at RD 0/065 to to 0/087) | 492918.00 | 9900.00 | Two month |
| 5 | Restoration of rain damages on Link road from HarotiPul to Jalet Bhatti Via Nallian road Km 0/00 to 2/985 (SH;- C/O Wire Crate R/wall with Pusta in c.c. 1:3:6 at RD 0/087 to to 0/110) | 492119.00 | 9900.00 | Two month |
| 6 | Repair and Maintenance of CHC Jaisinghpur Distt. Kangra (HP) (SH:- Repair of plaster, painting work, doors and windows repair, stainless steel railing etc) | 492119.00 | 7600.00 | Two month |
| 7 | Restoration of rain damages on Dharamshala DadhHoltaChadhiar sari Harsisandhole road km 75/0 to 86/840 (SH:- Removal of land slids between Km 76/300 to 78/700) | 378673.00 | 7600.00 | Two month |
| 8 | A/R & M/O various roads under HP.PWD Sub-Division Jaisinghpur (SH:- Repair work of railing of various bridges) | 459091.00 | 9200.00 | Two month |
| 9 | Restoration of rain damages to PanchrukhiLambagaon road Km 0/00 to 22/00 (SH:- C/O Counter fort R/wall at RD 13/010.50 to 13/015) | 399204.00 | 8000.00 | Two Month |
| 10 | Restoration of rain damages to PanchrukhiLambagaon road Km 0/00 to 22/00 (SH:- C/O Counter fort R/wall at RD 13/007 to 13/010.50 and PCC R/wall at RD 13/005 to 13/007) | 383093.00 | 7700.00 | Two Month |
| 11 | Construction of approach road from Shivnagar Market to GDC Shivnagar (SH:- C/O CC pavement Rd 0/00 to 0/110) | 453420.00 | 9100.00 | Two Month |
| 12 | A/R & M/O various roads under Jalag Section (Under Panchrukhi sub Division) (SH:- Clearing of blocked culverts) | 263040.00 | 5300.00 | Two Month |
| 13 | C/O 50 bedded girls hostel at Govt. Polytecnic Talwar (SH:- Providing varius additional and left out works) | 154725.00 | 3100.00 | Two Month |
| 14 | Restoration of rain damages on Tinbar to Jaisinghpur road Km 0/00 to 18/300 (SH:- C/O B/wall at RD 9/720 to 9/748) | 491530.00 | 9900.00 | Two Month |
| 15 | Restoration of rain damages on Tinbar to Jaisinghpur road Km 0/00 to 18/300 (SH:- C/O B/wall at RD 7/145 to 7/173) | 489864.00 | 9800.00 | Two Month |
| 16 | A/R & M/O J.E. section office at Jalag under HP.PWD Sub-Division Panchrukhi (SH:- P/L Vitrified Tile flooring, painting work, Distempering and Sanitary fittings) | 159972.00 | 3200.00 | Two Month |
| 17 | C/O JalagdaliNahlanaDhupkiara road Km 0/00 to 8/00 (SH:- C/O catchpit and toe wall of 900 mm dia RCC hume pipe culvert at RD 1/450, R/wal at RD 0/150 to 0/160 and Paver Block at Rd 0/570 to 0/585) **(MNP)** | 417571.00 | 8400.00 | Two Month |
| 18 | Improvemnet of black spot on Subhash nagarSapeharNakkiChathambotuladgalu road Km 0/00 to 6/500 (SH:- C/O r/wall at Rd 0/828 to 0/840) | 255626.00 | 5200.00 | Two Month |
| 19 | C/O Main road harot to Baba MrigSidh mandir to Baba naga mandir Road km 0/00 to 1/00 (SH:- Demolished of CC locking, Taking out existing Interlocking paver block and Laying of Interlocking paver block at RD 0/00 to 0/120 **(SCDP)** | 368203.00 | 7400.00 | Two Month |
| 20 | Restoration of rain damages to NetruVijapur road Km 0/0 to 2/0 (SH:- Repair of 8.00 mtr. Span slab culvert at RD 1/050) | 340427.00 | 6900.00 | Two Month |
| 21 | Restoration of rain damages Dharamshala dadhHoltaChadhiar sari Harsisandhole road Km 75/0 to 87/0 (SH:- (SH:- B/wall at RD 76/480 to 76/500) | 244618.00 | 4900.00 | Two Month |
| 22 | Restoration of rain damages Link road to Village Dhaneri Km 0/00 to 0/900 (SH:- (SH:- C/O Toe wall with R/wall at RD 0/880) | 476359.00 | 9600.00 | Two Month |
| 23 | C/O Boundary wall in the Permises of GSSS Dhupkiara Tehsil Jaisinghpur Distt. Kangra (HP) (SH:- C/O Boundary wall) | 298014.00 | 6000.00 | Two Month |
| 24 | C/O Additional Accommodation GSSS Makol (SH:- Extension of roof over RCC Gutter) | 285398.00 | 5800.00 | Two Month |
| 25 | Repair of AHC Building at Bandu Bharwana Tehsil Palampur Distt. Kangra (HP) (SH:- C/O Boundary wall and Gate) | 457862.00 | 9200.00 | Two Month |
| 26 | C/O Jeepable road from Nadli Main road to Village Gehra/Shamshan Ghat VPO Nadli Km 0/00 to 2/00 (SH:- Formation cuttingin Km 0/210 to 0/435) | 299265.00 | 6000.00 | Two Month |
| 27 | C/O Jeepable road from Asha Chauhan House to Nisha Thakur House WN-I GP Tatehal (SH:- P/L CC pavement Km 0/00 to 0/046) | 119112.00 | 2400.00 | Two Month |
| 28 | C/O Jeepable road from main road to Shri Kedar House G.P. Jagroopnagar Km 0/00 to 0/285) (SH:- C/O R/wall at RD 0/058 to to 0/067, edge wall at RD 0/077 to 0/085 and P/L CC Pavement at RD 0/00 to 0/130) | 448332.00 | 9000.00 | Two Month |
| 29 | Restoration of Rain Damages on kheraBhulla to Praga da Gallu road Km 0/0 to 16/330 (SH:- C/O R/wall at RD 10/460 to 10/470.50) | 198766.00 | 4000.00 | Two Month |
| 30 | Restoration of Rain Damages on LonganiBhagoon road Km 0/00 to 3/210 (SH:- C/O R/wall at RD 0/260 to 0/270) | 189087.00 | 3800.00 | Two Month |
| 31 | C/O Banuri Odder Road road Km 0/00 to 3/200 (SH:- P/l C.C. Pavement at RD 2/915 to 2/975 and V-Shape drain at RD 2/870 to 2/915 & 3/045 to 3/145) | 189087.00 | 3800.00 | Two Month |

**TERMS AND CONDITIONS:-**

The tender documents shall be issued only to those contractors /firms who fulfill the following criteria and submit the following documents with the application:-

1. The tender of only those contractor/ Firms will be processed who will produce the proof of valid registration and submit the copy of renewal/enlistment in appropriate category, EPF No., Pan No. and GST No. with the application.
2. Earnest money in the shape of National saving certificate/Time deposit Account in any of the post office in HP. F.D.R from any Nationalized Bank(i/c Kangra Central Cooperative Bank) duly pledged in favour of the Executive Engineer Jaisinghpur HP.PWD., Jaisinghpur.
3. The earnest money & cost of tender form for the above works should be submitted with the application for the purchase of the tender forms. The application received without earnest money& cost of tender form shall summarily be reject.
4. List of machinery be attached with the tender form.
5. Tax Clearance certificate (T.C.C) issued from the concerned Excise and Taxation Department.
6. Ambiguous/telegraphic/conditional tenders or tender by fax/E-mail shall not be entertained/ considered and will summarily be rejected.
7. Executive Engineer reserves the right to reject or cancel any or all the tenders without assigning any reasons
8. The offer of the tender shall remain valid upto 120days after the opening of tender.
9. If the date given above happens to be a holiday, the same shall be processed on next working days.
10 The contractors/ firms must quote their rates in words as well as in figures failing which XEN reserves the right to accept/ reject any or all tenders.
11 The tender form will not be issued to those contractors/ firms whose previous performance is not found satisfactory and who have not executed/completed the previous awarded works within the stipulated period of completion.
12. One contractor should not have more than two work in hand at a time.
13. Work should be completed by the contractor within the stipulated period.
14. Works completion and work in hand certificate issued by the concerned Executive Engineer must be attached with the application for issue of tender form.

**--HIM SUCHNA AVAM JAN SAMPARK--**

**Executive Engineer**
**Jaisinghpur Division**
**HPPWD, Jaisinghpur**

**0952/HP**



**HIRA AUTOMOBILES LTD.**
Website: www.hiraautomobiles.com
Email: hiraaccounts@gmail.com
Regd. Office : #598, Sector 18-B,Chandigarh Ph: 92572-39113 | CIN:-L50101CH1989PLC009500

**Extract of Annual Audited Standalone Financial Results for the year and the quarter ended 31st March, 2023** (Rs. in Lakhs)

| Particulars | Quarter ended | | | Year ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2023 Audited | 31.12.2022 Unaudited | 31.03.2022 Audited | 31.03.2023 Audited | 31.03.2022 Audited |
| Total Income from operations | 7158.76 | 6197.21 | 7636.97 | 24939.97 | 22472.45 |
| Net Profit/(Loss) before tax, exceptional and extra ordinary items | 29.26 | 38.09 | 61.56 | 102.20 | 70.99 |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax after exceptional and extraordinary items | 29.19 | 38.09 | 61.56 | 102.13 | 70.99 |
| Net profit after tax from ordinary activities | 18.11 | 28.09 | 52.11 | 75.05 | 61.54 |
| Total comprehensive income | 18.11 | 28.09 | 52.11 | 75.05 | 61.54 |
| Equity Share Capital | 275.34 | 275.34 | 275.34 | 275.34 | 275.34 |
| Other equity | 1023.02 | 1023.02 | 947.95 | 1023.02 | 947.95 |
| Earnings Per Share (Face value of Rs 10/-each) | | | | | |
| Basic | 0.66 | 1.02 | 1.89 | 2.73 | 2.24 |
| Diluted | 0.66 | 1.02 | 1.89 | 2.73 | 2.24 |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of Annual Audited Standalone Financial Results for the year and the quarter ended **31st March, 2023** filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of above Results is available on the website of Company and BSE Limited at www.hiraautomobiles.com and www. bseindia.com

**For Hira Automobiles Ltd.**
Rahulinder Singh Sidhu (Managing Director)
DIN-00447452

Place : Chandigarh Date : 30.05.2023



**Himachal Pradesh Public Works Department**
**INVITATION FOR BIDS (ITB)**

The Executive Engineer Mandi Division No.II HPPWD Mandi H.P on behalf of Governor of H.P invites the online bids **on percentage rate** in electronic tendering system for the following works from the eligible and approved contractors/Firms registered with HPPWD department.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost | EMD | Cost of Tender | Eligible class of contractors | Time Limit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Balance work estimate for C/O veterinary dispensary building at Tilli, Tehsil Sadar, Distt. Mandi (H.P.)SH: Construction of Building Portion with Water Supply and Sanitary Installations and Septic Tank.) | Rs.11,51,175/- | Rs.23,100/- | Rs.500/- | D | Three month |
| 2. | Restoration of road damages in lieu of laying of O.F.C. by Reliance Jio on Tarna to Sanyardhi road Km. 0/00 to 1/610). (SH:-Providing and laying bituminous concrete at RD. 0/00 to 1/610). Deposit work. | Rs. 24,55,693/- | Rs.49,200/- | Rs.500/- | D | One month |

Starting date for downloading bid:-**01.06.2023**
Deadline for Submission of Bid: **12.06.2023 11.00 AM**
Date of opening of Bid:-**12.06.2023 at 11.30 AM**

1. **The rates beyond the limit of over + 5%, will be rejected and the rates quoted below 10 %, the Additional Performance security will have to borne for unbalanced bid.**
2. **Only scanned copy of original documents as uploaded on the tender website are required for technical & financial elevation. The original documents shall be required only from the successful bidder before issue of letter of award.**
3. **The participants should have the work done of similar nature &sufficient machinery such as hot mix plant, road roller & paver etc.**

The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in.

**Executive Engineer,**
**Mandi Division No.II, HP.PWD Mandi**

**No.PW-MDII-CB/Tender Misc/ on-line/23-** 0943HP **Dated:-**



**ऋण वसूली न्यायाधिकरण, चंडीगढ़ (डीआरटी-2)**
**प्रथम तल, एससीओ 33-34-35, सैक्टर 17-ए, चंडीगढ़**
**(तीसरे और चौथे तल पर भी अतिरिक्त स्थान आबंटित है)**

**मामला सं.: ओए/864/2022**

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण (विधि) नियमों, 1993 के नियम 5 के उप नियम (2ए) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के अधीन समन**

**ईएक्सएच. नं. 18058**

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बनाम**
**प्रदीप कुमार गुप्ता तथा अन्य**

**सेवा में,**

1) प्रदीप कुमार गुप्ता और अन्य डी/डब्ल्यू/एस/ओ- श्री चमन लाल गुप्ता। प्रदीप कुमार गुप्ता पुत्र श्री चमन लाल गुप्ता, निवासी मकान नंबर 24, आदर्श नगर, डेराबस्सी, जिला मोहाली, पंजाब -140507। साहिबजादा अजीत सिंह नगर/मोहाली/अजीतगढ़, पंजाब।
2. नरेंद्र अरोड़ा पुत्र श्री के के अरोड़ा, मकान नंबर 2326-ए, सेक्टर 31-सी, वायु सेना क्वार्टर, चंडीगढ़। इसके अलावाः नरेंद्र अरोड़ा पुत्र श्री के के अरोड़ा, हाउस नंबर 2326-ए, सेक्टर 31-सी, वायु सेना क्वार्टर, चंडीगढ़।
3. चिंकी गुप्ता पत्नी प्रदीप कुमार गुप्ता, मकान नंबर 24, आदर्श नगर, डेरा बस्सी, मोहाली, साहिबजादा अजीत सिंह नगर/मोहाली/अजीतगढ़, पंजाब।
4. सुश्री सुषमा बिल्डटेक लिमिटेड, एससीओ नंबर 172 और 173, सेक्टर 9-सी, चंडीगढ़। इसके अलावाः प्लॉट संख्या 381, चरण 1, औद्योगिक क्षेत्र, चंडीगढ़।

**समन**

चूंकि दिनांक **25.04.2023** को ओए//864/2022 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष सूचीबद्ध किया था।

चूंकि, यह माननीय न्यायाधीकरण राशि **20,77,083/- रुपए** के ऋणों की वसूली के लिए आपके विरुद्ध दाखिल (ओए) में अधिनियम की धारा 19(4) के अंतर्गत कथित आवेदन पर समन/नोटिस जारी करता है। (दस्तावेजों की प्रतियों के साथ आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप धारा (4) के तद्नुसार, प्रतिवादी को नीचे दिए अनुसार निर्देश दिया जाता है:-

(i) समन की सेवा के 30 दिनों के अंदर यह कारण बताना होगा कि जिसके लिए राहत की प्रार्थना की गई है वह क्यों प्रदान नहीं की जानी चाहिए।

(ii) मूल आवेदन की क्रम संख्या 3ए के अंतर्गत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट संपत्तियों तथा परिसंपत्तियों के अलावा संपत्तियों तथा परिसंपत्तियों का विवरण प्रदर्शित करना।

(iii) आपको मूल आवेदन की क्रम संख्या 3ए के अंतर्गत प्रदर्शित की गई प्रतभूतित परिसंपत्तियों या ऐसी किसी अन्य परिसंपत्तियों तथा संपत्तियों के साथ लेन-देन और निपटान करने से प्रतिबंधित किया जाता है, साथ जुड़ी हुई संपत्तियों के लिए आवेदन की सुनवाई एवं निपटान लंबित है।

(iv) आप न्यायाधिकरण के पूर्व अनुमोदन के बिना मूल आवेदन की क्रम संख्या 3ए के अंतर्गत विनिर्दिष्ट या प्रदर्शित किसी परिसंपत्ति या किसी अन्य संपत्तियों, जिस पर प्रतिभूति ब्याज सृजित किया है, परअपने व्यापार के सामान्य कोर्स को छोड़कर बिक्री, लीज़ या अन्यथा तरीके द्वारा संपत्ति का हस्तांतरण नहीं कर सकोगे।

(v) आप व्यापार के सामान्य कोर्स में प्रतिभूति परिसंपत्तियां या अन्य परिसंपत्तियां तथा संपत्तियों की बिक्री द्वारा बिक्री प्रक्रिया से वसूली और ऐसी परिसंपत्तियों के ऊपर प्रतिभूति ब्याज को धारण करने वाले बैंक या वित्तीय संस्थानों के साथ रखे गए खाते में ऐसी बिक्री प्रक्रिया की राशि को जमा करने के उत्तरदायी होंगे।

आपको आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गई उस प्रति के साथ लिखित बयान को दाखिल करने तथा दिनांक 14.09.2023 **को पूर्वाह्न** 10.30 **बजे** इस **रजिस्ट्रार** के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल होने पर आवेदन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में कर दी जाएगी।

**मेरे हस्ताक्षर व इस न्यायाधिकरण की मुहर के अधीन 30.05.2023 को जारी किया गया।**